(d) The syllabus in stenography course is as follows :—

(i) Theory and Practice of Shorthand
(ii) Techniques of taking dictation and
(iii) Proper presentation of typewritten work.

हिमाचल प्रदेश के स्कूलों के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी

2219. **श्री निहाल सिंह** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री 29 नवम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2744 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिमाचल प्रदेश के स्कूलों के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के सम्बन्ध में जानकारी इस बीच एकत्र कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) से (ग). हिमाचल प्रदेश सरकार अभी भी क्षेत्रीय कार्यालयों से सूचना एकत्रित कर रही है तथा मिलने पर वह यथा समय सभा पटल पर रख दी जायेगी।

हिमाचल प्रदेश के स्कूलों के भवनों में प्रधानाध्यापकों का निवास

2220. **श्री निहाल सिंह** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री 29 नवम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2743 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिमाचल प्रदेश के स्कूलों के भवनों में प्रधानाध्यापकों के निवास के बारे में जानकारी इस बीच एकत्र कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो जानकारी एकत्र न की जा सकने के क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) से (ग). सूचना अभी तक एकत्र नहीं की जा सकी, क्योंकि हिमाचल प्रदेश के अनेक कार्यालय और शैक्षिक संस्थाएं ऐसे दूर-दराज स्थानों में स्थित हैं, जहां वर्षा और शीत ऋतुओं में पहुंचना कठिन होता है। सूचना यथा शीघ्र सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

वर्ष 1968 में लंदन-सिडनी कार दौड़ में हुई दुर्घटनाएं

2222. **श्री निहाल सिंह** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिसम्बर, 1968 में हुई लंदन-सिडनी कार दौड़ में भारत में कितने भारतीय तथा विदेशी लोग मारे गये हैं और कितने व्यक्ति जख्मी हुए ; और

(ख) इस कार-दौड़ के सन्दर्भ में व्यवस्था करने पर भारत सरकार ने कितनी राशि खर्च की ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख). पंजाब सरकार ने सूचित किया है कि लंदन-सिडनी कार दौड़ में दो आस्ट्रेलियन उनके इलाके में जख्मी हुए थे। हरयाणा तथा महाराष्ट्र की सरकारों तथा दिल्ली प्रशासन ने सूचित किया है कि न तो कोई मारा गया और न कोई घायल ही हुआ। शेष सम्बन्धित राज्य सरकारों से सूचना एकत्रित की जा रही है और उसे, कार दौड़ के लिए प्रबन्ध करने में किये गये व्यय के साथ, सभा-पटल पर रख दिया जायेगा।

हिमाचल प्रदेश में श्री बलदेव सिंह की हत्या

2223. **श्री विद्याधर बाजपेयी** :
श्री प्रकाशवीर :
श्री भारत सिंह चौहान :
श्री शारदा नन्द :